Exam Copy on 11.12.2019

# प्रथम परिषदीय पूर्व परीक्षा 2019-20

**कक्षा-बारहवीं (xii)**

**विषय-हिन्दी (आधार)**

**समय-3 घंटे** **अधिकतम अंक-80**

**सामान्य निर्देश-**

**1 -इस प्रश्नपत्र के तीन खण्ड हैं -क ,ख एवं ग ।**

**2 -सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं ।**

**3 -प्रश्न का उत्तर लिखते समय प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखें ।**

**(खण्ड-क )**

**प्र०-1** अधोलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **12**

टेलीविजन मनोंरंजन का एक सशक्त माध्यम है । दिन प्रतिदिन घटने वाली घटनाओं का दर्पण है। ज्ञानवर्धन का सशक्त माध्यम है । विद्यार्थियों को सचित्र शिक्षा देने वाला श्रेष्ठ शिक्षक है | ढंग है ।

दिन भर के परिश्रम के बाद थका-हारा मनुष्य जब घर पहुँच कर टेलीविजन का स्विच ऑन करता है ,तो अज्ञात स्फूर्ति और उल्लास उसके मन -मस्तिष्क पर उतर आता है ,मानों टेलीविजन के नाम को ही वह मनोंरंजन की सज्ञा देने लगा हो । पिक्चर ,नाटक ,हास्य-व्यंग्य, एकांकी देखने के लिए सिनेमाघर ,नाटक-भवन या सांस्कृतिक केन्द्रों में जाने की आवश्यकता नहीं |वाहनों के धक्के खाने ,टिकटघर की खिड़की की भीड़-भाड़ में पिसने और जेब खाली करने की आवश्यकता नहीं। समय पर पहुँच पाने का झंझट नहीं ,टिकट मिल भी सकेगा या नहीं, आदि का मानसिक द्वंद्व नहीं ।

विश्व में कहीं कुछ हुआ, उसकी खबर तो आप अखबारों में पढ़ लेते हैं ,किन्तु उसकी हूबहू घटित घटना को देखकर आपका मन भाव विभोर हो जाता है । वर्ल्ड ट्रेड- टॉवर पर हमला हुआ अमेरिका में ,उसका पूरा का पूरा ,ज्यों का त्यों चित्र आप देख रहे हैं ,अपने टेलीविजन पर । ओलम्पिक खेल हुए मास्को में ,उसका जीवंत चित्र आप देख रहे हैं भारत में। इसी प्रकार क्रिकेट मैच हाकी, मैच ,26 जनवरी की परेड ,15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री का सन्देश सब कुछ आखों से भर रहे हैं। टेलीविजन ज्ञानवर्धन का अतुलनीय साधन है । -

क- टेलीविजन हमारे जीवन के किन -किन क्षेत्रों में अपना योगदान देता है ? 2

ख - थके-हारे मनुष्य को टेलीविजन कैसे राहत पहुँचाता है ? 2

ग- सांस्कृतिक केन्द्रों में हम क्यों जाते थे ?और अब क्यों नहीं जाते ? 2

घ-सांस्कृतिक शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और प्रत्यय अलग कीजिये 2

च - टेलीविजन ज्ञानवर्धन का अतुलनीय साधन है, कैसे? 2

छ - गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए । 1

ज -जीवन्त शब्द से क्या आशय है ? 1

**प्र॰2**-अधोलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x4=4

कलम आज उनकी जय बोल
पीकर जिनकी लाल शिखाएँ
उगल रही लू लपट दिशाएँ
जिनके सिंहनाद से सहमी
कलम आज उनकी जय बोल
अंधा चकाचौंध का मारा
क्या जाने इतिहास बिचारा !
साखी हैं उसकी महिमा के-
सूर्य चन्द्र भूगोल खगोल ।
कलम आज उनकी जय बोल!

क-स्वाधीनता के शहीदों के सिंहनाद से धरती आज भी क्यों डोल जाती है ?

ख-" क्या जाने इतिहास बिचारा " कहकर कवि इतिहास को युग का दर्पण क्यों नहीं मनाता ?

ग-कलम से किसकी जय जयकार बोलने की बात की गयी है ?

घ-काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

**अथवा**

निर्भय स्वागत करो मृत्यु का ,
मृत्यु एक है विश्राम । स्थल -
जीव जहाँ से फिर चलता है ,
धारण कर नव जीवन संबल ।

मृत्यु एक सरिता है जिसमें,
श्रम से कातर जीव नहा कर
फिर नूतन धारण करता है ,
कायारुपी वस्त्र बहाकर ।
सच्चा प्रेम वही है जिसकी -
तृप्ति आत्म बलि पर हो निर्भर-
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है ,
करो प्रेम पर प्राण निछावर ।

(क) कवि ने मृत्यु के प्रति निर्भय बने रहने के लिए क्यों कहा है ?1

(ख) मृत्यु को विश्राम ? स्थल क्यों कहा गया है-1

(ग) कवि ने मृत्यु की तुलना किससे और क्यों की है ?1

(घ) मृत्यु रुपी सरिता में नहाकर जीव में क्या परिवर्तन आ जाता है ?1

## (खण्ड-ख )

**प्र॰3** - -निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रचनात्मक निबंध लिखिए - **5**

क- भ्रष्टाचार उन्मूलन में युवाओं का योगदान

ख- महिला सशक्तिकरण;आज की आवश्यकता

ग- जहाँ न पहुंचे रवि वहाँ पहुंचे कवि

**प्र॰4.** महिलाओं की असुरक्षा की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए और उसके समाधान के लिए उपाय भी सुझाएं । **5**

(अथवा )

किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को अपने तरफ से एक पत्र लिखो ,जिसमे पुस्तकों के मूल्यों में होने वाली निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता व्यक्त की गई हो ।

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए - **1x5=5**

1 पत्रकारिता में डेडलाइन किसे कहते हैं ?

2 पीत-पत्रिकारिता से क्या तात्पर्य है ?

3 सम्पादकीय किसे कहते हैं ?

4 किन्हीं दो समाचार पत्रों के नाम लिखो ।

5- फ़ोन इन से क्या तात्पर्य है ?

**प्र॰6** 'गाँवों में फ़ैशन की दस्तक' अथवा ' बढ़ती आबादी देश की बर्बादी' विषय पर फीचर लिखिए| **5**

अथवा

"शिक्षा हमारा मौलिक अधिकार है" अथवा "देश में किसानों की समस्याएं " विषय पर एक आलेख लिखिए |

## (खण्ड- ग)

**प्र॰ 7** -निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **2x3=6**

खेती न किसान को , भिखारी को न भीख बलि ,<br>
बनिक को बनिज , न चाकर को चाकरी

जीविका विहीन लोग सीधमान सोच बस ,
कहै एक एकन सौ कहाँ जाई, का कही ?
बेदहूँ पुराण कही , लोकहुँ विलोकिअत,
साँकरे सबै पै , राम! रावरे कृपा करी
दारिद -दसानन दबाई दुनि दीनबंधु !
दुरित - दहन देखि तुलसी हहा करी |

(क) कवि एवं कविता का नामोल्लेख करें |

(ख) गोस्वामी तुलसीदास जी नें अपने समय की आर्थिक दशा का वर्णन किस प्रकार किया हैं?

(ग) गोस्वामी जी नें रावण की तुलना इस कविता में किस प्रकार की हैं?

(अथवा )

ऊपर से ठीक ठाक
पर अन्दर से
न तो उसमे कसाव था
न ताकत !
बात ने एक शरारती बच्चे की तरह
मुझसे खेल रही थी ,
मुझे पसीना पोंछते देखकर पूछा-
क्या तुमने भाषा को
सहूलियत से बरतना नहीं सीखा ?"

क -कविता को शब्दों के जाल में उलझाने का बात पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

ख- बात का शरारती बच्चे की तरह खेलने से क्या तात्पर्य है ?

ग- भाषा को सहूलियत से बरतने का क्या अभिप्राय है ?

प्र०8 -निम्लिखित काव्यांश पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **2x2=4**

सबसे तेज बौछारें गयीं भादों गया
सवेरा हुआ
खरगोश की आंखों जैसा लाल सवेरा
शरद आया पुलों को पार करते हुए
अपनी नई साईकिल तेज चलते हुए
घंटी बजाते हुए ज़ोर-ज़ोर से ।

क -कवि और कविता का नाम लिखिए |

ख- मानवीकरण का एक उदहारण छाँटकर लिखें तथा उसका सौन्दर्य स्पष्ट कीजिये ।

( अथवा )

प्रभु प्रलाप सुनि कान ,बिकल भये वानर निकर
आई गएउ हनुमान ,जिमि करुना मह बीर रस । ।

क -इस काव्यांश में प्रयुक्त छंद और भाषा पर टिप्पणी कीजिये ।

ख- अनुप्रास अलंकार के उदहारण तथा विकल के अर्थ लिखिए ।

**प्र०9-निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 3x2=6**

क -कैमरे में बंद अपाहिज कविता में हम एक दुर्बल को लायेगें ,-पंक्ति के माध्यम से कवि ने क्या कहना चाहा है ?

ख- सूर्योदय के ठीक पहले के प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण कीजिए ?

ग- हनुमान जी के आगमन को "करुण रस में वीर रस का आगमन "क्यों कहा गया है ?

**प्र०1०-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2x3=6**

रात्रि की विभीषिका को सिर्फ पहलवान की ढोलक की ललकार चुनौती देती रहती थी । पहलवान संध्या से सुबह तक चाहे जिस ख्याल से ढोलक बजाता हो किन्तु गाँव के अर्द्धमृत,औषधि -उपचार -पथ्य विहीन प्राणियोंमें वह संजीवनी शक्ति ही भरती थी । बूढ़े - बच्चे-जवानों की शक्तिहीन आँखों के आगे दंगल का दृश्य नाचने लगता था । स्पंदन शक्ति -शून्य स्नायुओं में भी बिजली दौड़ जाती थी | अवश्य ही ढोलक की आवाज में न तो बुखार हटाने का कोई गुण था और न महामारी की सर्वनाश शक्ति को रोकने की शक्ति ही,पर इसमें सन्देह नहीं कि मरते हुए प्राणियों को आँख मूंदते समय कोई तकलीफ नहीं होती थी,मृत्यु से वे डरते नहीं थे |

क- रात्रि में पहलवान की ढोलक किन्हें ललकार लगाती थी ?

ख- संजीवनी शक्ति से कवि का क्या तात्पर्य है ?

ग - रात्रि की विभीषिका को स्पष्ट कीजिये ।

(अथवा )

समता का औचित्य यही पर समाप्त नहीं होता । इसका और भी आधार उपलब्ध है । एक राजनीतिज्ञ पुरुष का बहुत बड़ी जनसंख्या से पाला पड़ता है । अपनी जनता से व्यवहार करते समय राजनीतिज्ञ के पास न तो इतना समय होता है ,न प्रत्येक के विषय में इतनी जानकारी जिससे वह सबकी अलग अलग आवश्यकताओं तथा क्षमताओं के आधार पर वांछित व्यवहार अलग-अलग कर सके । वैसे भी आवश्यकताओं और क्षमताओं पर भिन्न व्यवहार कितना भी आवश्यक तथा

औचित्यपूर्ण क्यों न हो ,मानवता के दृष्टिकोण से समाज दो वर्गों और श्रेणियों में नहीं बाँटा जा सकता

क- राजनीतिज्ञ ,जनता की इच्छाओं की पूर्ति क्यों नहीं कर पाता ?

ख- समता से क्या आशय है ? उसकी क्या आवश्यकता है ?

ग - समाज को दो वर्गों में क्यों नहीं बाँटा जा सकता ?

प्र०11-निम्लिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **4+4+2=10**

क- भक्तिन और लेखिका के बीच कैसा सम्बन्ध था ? भक्तिन पाठ के आधार पर बताइए ।

ख - भगत जी बाजार और समाज को किस प्रकार सार्थकता प्रदान कर रहे हैं?

ग - सफ़िया के मन में क्या द्वंद्व था??

घ कालजयी अवधूत किसे कहा गया और क्यों शिरीष के फूल पाठ के आधार पर बताइए ।

प्र०12 निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **4x3=12**

(क ) यशोधर बाबू के बच्चों की कौन-सी बातें प्रशंसनीय हैं और कौन-सा पक्ष आपत्तिजनक है?

(ख) सिन्धु सभ्यता साधन सम्पन्न थी, पर उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था |' प्रस्तुत कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?

(ग ) किट्टी कौन थी? ऐनफ्रैंक ने किट्टी को संबोधित कर डायरी क्यों लिखी?।

(घ) जूझ कहानी का प्रतिपाद्य लिखिए |